**दिनांक–21.07.2026 को अभियंता प्रमुख, मुख्यालय, जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में विभिन्न प्रक्षेत्रों के कार्यो की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की कार्यवाही।**

समीक्षा बैठक मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आहूत की गयी, जिसमें सम्बंधित क्षेत्रीय पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। बैठक के प्रारम्भ में दिनांक–16.06.2026 को सम्पन्न पूर्ववर्ती समीक्षा बैठक (पत्रांक–1/PMC/बैठक/131/2024–533) में निर्गत निर्देशों के अनुपालन की कंडिकावार समीक्षा की गयी। तदुपरांत केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, राज्य बाँध सुरक्षा संगठन (SDSO), समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केंद्र (FMISC) तथा मुख्य अभियंता, यांत्रिक द्वारा क्रमवार प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतीकरण पर सम्यक् विमर्श एवं समीक्षोपरांत निम्नांकित निदेश निर्गत किये गये :–

2. समीक्षा के क्रम में अवलोकित हुआ कि वितीय वर्ष 2026–27 में Vetting/ रूपांकण के कुल 91 प्राप्त प्रस्तावों के विरुद्ध 68 निष्पादित एवं 23 लंबित हैं (बाढ़ नियंत्रण–10, बाँध एवं गेट–08, नहर एवं नहर संरचना–05)। तदालोक में अभियंता प्रमुख महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि समस्त 23 लंबित प्रस्तावों के निमित संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों से वांछित अभिलेख/ Hydraulic Data/ जलीय आँकड़े प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कर, प्रत्येक प्रस्ताव का त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित किया जाय। विभाग स्तर से भी मुख्य अभियंताओ को वांछित आँकड़े केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जाय।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना)**

3. समीक्षा के क्रम में पाया गया कि केन्द्रीय रूपांकण शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडलों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में कराये गये कार्यो का गुण नियंत्रण संबंधी प्रतिवेदन अत्याधिक रूप से दरभंगा एवं बिहारशरीफ में लंबित है (दरभंगा–111 एवं बिहारशरीफ–134)। इस क्रम में निदेशित किया गया है कि इसमें अपेक्षित प्रगति लाते हुए इसका यथाशीघ्र निष्पादन किया जाय।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना)**

4. केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना अंतर्गत सम्पादित कार्यो के सतत् अनुश्रवण हेतु FMISC से समन्वय स्थापित कर Portal विकसित करने संबंधी पूर्ववर्ती निदेश (कंडिका–05) के अनुपालन न होने के क्रम में कार्य हेतु नामित पदाधिकारियों को FMISC विशेषज्ञों के साथ प्रतिदिन 2 घंटे का समय निकालते हुए एक माह के अंदर पोर्टल विकसित करने का निदेश दिया गया। साथ ही इसमें संलग्न पदाधिकारियों/ कर्मियों को आगामी बैठक में उपस्थित रहने का भी निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– संयुक्त निदेशक, FMISC, अनिसाबाद, पटनाय एवं मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना)**

5. निदेशक (मुख्य अभियंता), वाल्मी, पटना के समीक्षा के क्रम में वाल्मी, पटना अवस्थित प्रयोगशाला को सुव्यवस्थित कर विभागीय पदाधिकारियों एवं अन्य प्रशिक्षु हेतु कार्यरत करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई- निदेशक (मुख्य अभियंता), वाल्मी, पटना)**

6. निदेशक (मुख्य अभियंता), वाल्मी, पटना को SSAP (State Specific Action Plan) अंतर्गत कार्य के रिर्पोट का सतत् मोनिटरिंग करने को निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– निदेशक (मुख्य अभियंता), वाल्मी, पटना)**

7. मुख्य अभियंता, यांत्रिक के समीक्षा के क्रम में बताया गया कि यांत्रिक कार्यालय हेतु क्षेत्रीय Infrastructure की कमी है तथा वर्तमान में इन कार्यालयों का भवन काफी जर्जर अवस्था में है। इस क्रम में निदेशित किया गया कि आपसी समन्वय स्थापित कर इन कार्यालय भवनों को असैनिक कार्यालयों से यांत्रिक प्रमण्डलों में Handover प्राप्त करते हुए उनको सुव्यवस्थित करने हेतु विभाग में प्रस्ताव यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाय।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, यांत्रिक)**

8. समीक्षा की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया कि समस्त संबंधित पदाधिकारी बैठक से संबंधित प्रस्तुतीकरण तैयार कर, बैठक की तिथि से दो कार्य-दिवस पूर्व (अर्थात् माह के द्वितीय शुक्रवार तक) निश्चित रूप से इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। उक्त प्रस्तुतीकरण 10 से 15 स्लाइड के मध्य सुसंगठित रूप में रखा जाय।

9. उपर्युक्त समस्त निदेशों का कंडिकावार अनुपालन प्रतिवेदन (Action Taken Report), इस कार्यवाही के निर्गमन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर निश्चित रूप से इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

23/7/26

**(ब्रजेश मोहन)**
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक-1/PMC/बैठक/131/2024 621 पटना, दिनांक- 23/7/26

प्रतिलिपि :- मुख्य अभियंता, यांत्रिक, पटना/ मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना/ मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना/ निदेशक, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), फुलवारीशरीफ, पटना/ संयुक्त निदेशक, FMISC, अनिसाबाद, पटना को आवश्यक कार्रवाई एवं अनुपालन प्रतिवेदन समर्पण हेतु प्रेषित।

23/7/26

**(ब्रजेश मोहन)**
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

(PC-2 Proceeding)

पत्रांक–1/PMC/बैठक/131/2024 621 पटना, दिनांक–23/12/24

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/12/24

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक–1/PMC/बैठक/131/2024 621 पटना, दिनांक–23/12/24

प्रतिलिपि :– सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

23/12/24

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक–1/PMC/बैठक/131/2024 621 पटना, दिनांक–23/12/24

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों हेतु विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/12/24

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय